बिहार सरकार

समाहरणालय

जिला बाल संरक्षण इकाई

समस्तीपुर

Email id- adcpsamastipur@gmail.com Contact No. – 06274295548

सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 749, दिनांक 24.04.2026 के आलोक में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 एवं पॉक्सो नियम, 2020 के अंतर्गत **सहायक व्यक्तियों** (Support Person) का अस्थायी पदों पर सूचीबद्धता (Empanelment) करने हेतु कार्यालय पत्रांक–510 / जि0बा0सं0ई0, दिनांक–16.06.2026 एवं तिथि विस्तारित करने हेतु कार्यालय पत्रांक–594 दिनांक–16.07.2026 के द्वारा समस्तीपुर जिला के योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र उपलब्ध कराने हेतु समस्तीपुर जिला के बेबसाइट https://samastipur.nic.in/ तथा समाचार पत्र के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में अंतिम निर्धारित तिथि –31.07.2026 तक कुल–39 आवेदन प्राप्त हुआ तथा 01 आवेदन निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त हुआ है। जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर का पत्रांक–496 / जि0बा0सं0ई0 दिनांक–12.06.2026 के द्वारा गठित एवं पत्रांक–914 / जि0बा0सं0ई0 दिनांक–23.10.2026 के द्वारा पुनर्गठित जिला स्तरीय चयन समिति की गठन की गयी। उक्त समिति की बैठक दिनांक–04.11.2026 को माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश VI सह विषेश न्यायाधीश पोक्सो, समस्तीपुर की अध्यक्षता आयोजित की गई। आयोजित बैठक में प्राप्त सभी आवेदन की Scrutiny की गई। जिसमें निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त 01 आवेदन पर विचार नहीं किया गया। जिला स्तरीय चयन समिति, समस्तीपुर की उक्त बैठक से संबंधित कार्यवाही निम्नवत् है:–

उपस्थिति– पंजी के अनुसार

सभी सदस्यगण द्वारा सर्वप्रथम माननीय अध्यक्ष का स्वागत किया गया तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

समाहरणालय
जिला बाल संरक्षण इकाई
समस्तीपुर
Email id- adcpsamastipur@gmail.com Contact No. – 06274295548

सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, समस्तीपुर के द्वारा बताया गया कि जिला बाल संरक्षण इकाई, समस्तीपुर को आवेदन प्राप्ति हेतु निर्धारित अंतिम तिथि–31.07.2026 तक कुल–39 आवेदन प्राप्त हुआ। 01 आवेदन निर्धारित तिथि के पश्चात Email से प्राप्त हुआ। इस प्रकार कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या–40 है।

कोटिवार/श्रेणीवार पुरूष एवं महिलाओं के प्राप्त आवेदनों की संख्या की विवरणी निम्नवत् है–

क्र0सं0	आवेदक की कोटि	पुरूष	महिला
01	अनारक्षित	02	05
02	अनुसूचित जाति एवं जनजाति	04	01
03	पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग	12	14
04	अल्पसंख्यक	02	0

त्रुटिपूर्ण पाये गये कुल–31 (एकतीस) आवेदकों की विवरणी निम्नप्रकार है:–

1. 02 आवेदक वांछित विषय में स्नातकोत्तर योग्यता का धारित करते है परन्तु शैक्षणिक योग्यता संबंधित प्रमाण–पत्र एवं शपथ–पत्र संलग्न नहीं है।
   (आवेदन क्रमांक–03 एवं 29)
2. 16 आवेदक के पास स्नातक योग्यता परन्तु वांछित विषय में डिप्लोमा संलग्न नहीं हैं।
   (आवेदन क्रमांक–01,09,10,11,15,16,19,25,26,27,28,31,32,33,34 एवं 36)
3. 05 आवेदक वांछित विषय में स्नातकोत्तर/डिप्लोमा नहीं है।
   (आवेदन क्रमांक–06,08,18,20 एवं 23)

4. 06 आवेदक न्युनतम 30 वर्ष की आयु सीमा को पूरा नहीं करते है।

(आवेदन क्रमांक–04,05,12,13,14 एवं 37)

5. 02 आवेदक अन्य जिला से संबंधित है।

(आवेदन क्रमांक–38 एवं 40)

जिला स्तरीय चयन समिति, समस्तीपुर द्वारा सही पाये गये आवेदन एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन को त्रुटि का कारण अंकित करते हुए जिला के बेवसाईट https://samastipur.nic.in/ पर अपलोड करने हेतु निर्णय लिया गया।

सभी आवेदक को सूचित किया जाता है कि दिनांक–30.11.2026 तक औपबंधिक मेधा सूची पर किसी तरह का दावा आपत्ति दर्ज करने हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई, समस्तीपुर कार्यालय में स्वंय/डाक के माध्यम/ व्यक्तिगत रूप से अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई, समस्तीपुर के ई–मेल adcpsamastipur@gmail.com पर अपना आपत्ति संबंधित साक्ष्य के साथ उपलब्ध करा सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह०	ह०	ह०	ह०	ह०
सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई, समस्तीपुर	डा० रीता चौहान विभागाध्यक्ष (मनोविज्ञान) समस्तीपुर महाविद्यालय समस्तीपुर	अपर समाहर्त्ता समस्तीपुर	सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार समस्तीपुर	अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय, पॉक्सो) समस्तीपुर

समाहरणालय
जिला बाल संरक्षण इकाई
समस्तीपुर
Email id- adcpsamastipur@gmail.com Contact No. – 06274295548

ज्ञापांक–950 जि0बा0सं0ई0, समस्तीपुर/दिनांक– 04/11/26

प्रतिलिपि– सभी आवेदकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेशित।

प्रतिलिपि– जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि– माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, समस्तीपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि– निदेशक, समाज कल्याण निदेशालय, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई,
समस्तीपुर

04.11.26
डा0 रीता चौहान
विभागाध्यक्ष
(मनोविज्ञान)
समस्तीपुर महाविद्यालय
समस्तीपुर

अपर समाहर्त्ता
समस्तीपुर

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
समस्तीपुर

04/11/26
अपर जिला एवं सत्र
न्यायाधीश
(विशेष न्यायालय, पॉक्सो)
समस्तीपुर